महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
जनसंपर्क कार्यालय
PUBLIC RELATIONS OFFICE

## हिंदी विश्वविद्यालय में पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री 'निशंक' बुधवार को करेंगे राष्ट्रीय पुस्तक मेले का उद्घाटन

वर्धा, 06 जनवरी, 2026 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा अपने 29वें स्थापना दिवस के अवसर पर चार



दिवसीय (7-10 जनवरी तक) भव्य राष्ट्रीय पुस्तक मेले का आयोजन कर रहा है। पुस्तक मेले कार्यक्रम का उद्घाटन 07 जनवरी को सायं 05.30 बजे माननीय कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा की अध्यक्षता में माननीय पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ क्षमा कौल, डॉ भूषण भावे विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ सुरेन्द्र दुबे, वरिष्ठ पत्रकार अनंत विजय सहित कई नामचीन साहित्यकार भेंट देंगे।

विश्वविद्यालय परिसर स्थित बोधिसत्व डॉ. बाबासाहेब समता भवन प्रांगण में आयोजित पुस्तक मेले में देशभर के प्रतिष्ठित प्रकाशन संस्थान सहभागिता कर रहे हैं, जिनमें प्रमुख रूप से दिल्ली के वाणी प्रकाशन, ज्ञानपीठ प्रकाशन, प्रकाशन संस्थान, शुभदा प्रकाशन, सेतु प्रकाशन, प्रभात प्रकाशन, नई किताब प्रकाशन, शिवालिक प्रकाशन, विकल्प प्रकाशन, जयपुर के रावत पब्लिकेशन, अयोध्या के कौशल पब्लिकेशन, मुंबई के साहित्य अकादेमी सहित कई प्रकाशक पुस्तक प्रदर्शनी लगाएंगे। इसके साथ ही पुस्तक मेले में राष्ट्रभाषा प्रचार समिति और महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित पुस्तकों का भी विशेष स्टॉल लगाया जाएगा। मेले का एक प्रमुख आकर्षण "लेखक से मिलिए" कार्यक्रम रहेगा, जिसके अंतर्गत पाठकों को देश के वरिष्ठ और प्रतिष्ठित साहित्यकारों से संवाद करने का अवसर मिलेगा। इस श्रृंखला के तहत 08 और 09 जनवरी को आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार भूषण भावे, क्षमा कौल, सच्चिदानंद जोशी शामिल होंगे।

कुलसचिव क़ादर नवाज़ ख़ान ने बताया कि इस पुस्तक मेले का उद्देश्य हिंदी भाषा, साहित्य, ज्ञान-विज्ञान एवं पुस्तक संस्कृति को बढ़ावा देना है। राष्ट्रीय पुस्तक मेले से विश्वविद्यालय के अध्यापक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। पठन-पाठन की संस्कृति को विकसित करने के उद्देश्य से स्थानीय महाविद्यालय एवं पुस्तकालयाध्यक्षों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। पुस्तक मेले समिति के संयोजक प्रो. फरहद मलिक, सदस्य डॉ. मैत्रेयी घोष, डॉ. मनोज राय, डॉ. आनंद मंडित मलयज, राजेश कुमार यादव, सदस्य सचिव डॉ. अमित विश्वास ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों सहित वर्धा के पुस्तक प्रेमियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर मेले को सफल बनाने की अपील की है।

---

## हिंदी विश्वविद्यालयात माजी केंद्रीय शिक्षणमंत्री 'निशंक' राष्ट्रीय पुस्तक मेळ्याचे बुधवारी करतील उद्घाटन

**वर्धा, 06 जानेवारी 2026 :** महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा आपल्या 29व्या स्थापना दिनानिमित्त 7 ते 10 जानेवारी दरम्यान चार दिवसीय भव्य राष्ट्रीय पुस्तक मेळ्याचे आयोजन करीत आहे. या पुस्तक मेळ्याचे उद्घाटन 07 जानेवारी रोजी

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
**ई-मेल/E-mail:** pro.mgahv@hindivishwa.ac.in **वेबसाइट/Website:** www.hindivishwa.org
**दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305**

सायंकाळी 05:30 वाजता माननीय कुलगुरू प्रो. कुमुद शर्मा यांच्या अध्यक्षतेखाली माजी केंद्रीय शिक्षणमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' यांच्या हस्ते होणार आहे. या वेळी प्रसिद्ध साहित्यिका डॉ. क्षमा कौल आणि डॉ. भूषण भावे विशेष उपस्थित राहणार आहेत. तसेच सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. सुरेंद्र दुबे, ज्येष्ठ पत्रकार अनंत विजय यांच्यासह अनेक नामवंत साहित्यिक भेट देणार आहेत.

विश्वविद्यालय परिसरातील बोधिसत्त्व डॉ. बाबासाहेब समता भवन प्रांगणात आयोजित या पुस्तक मेळ्यात देशभरातील प्रतिष्ठित प्रकाशन संस्था सहभागी होत आहेत. यामध्ये दिल्ली येथील वाणी प्रकाशन, ज्ञानपीठ प्रकाशन, प्रकाशन संस्थान, शुभदा प्रकाशन, सेतु प्रकाशन, प्रभात प्रकाशन, नई किताब प्रकाशन, शिवालिक प्रकाशन, विकल्पी प्रकाशन, जयपूरचे रावत पब्लिकेशन, अयोध्येचे कौशल पब्लिकेशन, मुंबईचे साहित्य अकादमी यांच्यासह अनेक प्रकाशक आपली पुस्तक प्रदर्शने मांडणार आहेत. याशिवाय राष्ट्रभाषा प्रचार समिती आणि महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्विवद्यालयाकडून प्रकाशित पुस्तकांसाठी स्वतंत्र विशेष स्टॉलही असणार आहे. पुस्तक मेळ्याचे एक प्रमुख आकर्षण म्हणजे "लेखक से मिलिए" हा कार्यक्रम. या उपक्रमांतर्गत वाचकांना देशातील ज्येष्ठ व प्रतिष्ठित साहित्यिकांशी थेट संवाद साधण्याची संधी मिळणार आहे. या मालिकेअंतर्गत 08 व 09 जानेवारी रोजी होणाऱ्या कार्यक्रमात ज्येष्ठ साहित्यकार भूषण भावे, क्षमा कौल, सच्चिदानंद जोशी सहभागी होणार आहेत.

कुलसचिव क़ादर नवाज़ ख़ान यांनी सांगितले की, या पुस्तक मेळ्याचा उद्देश हिंदी भाषा, साहित्य, ज्ञान-विज्ञान आणि पुस्तक संस्कृतीला प्रोत्साहन देणे हा आहे. या राष्ट्रीय पुस्तक मेळ्यामुळे विश्वविद्यालयातील प्राध्यापक, शोधार्थी व विद्यार्थी लाभान्वित होतील. वाचन संस्कृती विकसित करण्याच्या हेतूने स्थानिक महाविद्यालये व ग्रंथालयांनाही आमंत्रित करण्यात आले आहे. पुस्तक मेळा समितीचे संयोजक प्रो. फरहद मलिक, सदस्य डॉ. मैत्रेयी घोष, डॉ. मनोज राय, डॉ. आनंद मंडित मलयज, राजेश कुमार यादव, तसेच सदस्य सचिव डॉ. अमित विश्वास यांनी विश्वविद्यालयातील शिक्षक, शोधार्थी, विद्यार्थी तसेच वर्धा येथील पुस्तकप्रेमींनी मोठ्या संख्येने उपस्थित राहून मेळा यशस्वी करण्याचे आवाहन केले आहे.

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: pro.mgahv@hindivishwa.ac.in वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305